हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 27 सितम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 गणेश विसर्जन के बाद अवशेष बाहर निकालना भूला ननि




## खबर संक्षेप

### महामाया मंदिर में निःशुल्क डांडिया नाइट आज

**राजपुर।** नवरात्र के उपलक्ष्य में स्थानीय महिलाओं के द्वारा महामाया मंदिर प्रांगण में शनिवार की शाम 5 बजे से धार्मिक गानों के धुन पर निःशुल्क डांडिया नाइट महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। उक्त कार्यक्रम के आयोजक टीम के सदस्य प्रियंका यादव ने अधिक से अधिक माताओं बहनों से उपस्थित होने का आह्वान किया है। इस डांडिया नाइट महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा मनी निकुंज, भाजपा बलरामपुर जिला उपाध्यक्ष शशिकला भगत शामिल होगी।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन 25 अक्टूबर तक

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू , एमबीबीएस जैसे संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम छात्रवृत्ति राशि 50 हजार रुपए (एकमुश्त) दिए जाने का प्रावधान है। योजनांतर्गत शिक्षण सत्र 2025-26 में उपरोक्त संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन कर रहे पात्र विद्यार्थियों से ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर सायं 4 बजे तक है।

### कैंसर रोग विशेषज्ञ ने दिया इस्तीफा

# नवापारा सीएचसी में बंद हुई कैंसर जांच व कीमोथैरेपी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैंसर रोगियों को अब नवापारा सीएचसी में कैंसर जांच व उपचार की सुविधा नहीं मिल पाएगी ऐसा इस लिए क्यों कि अस्पताल में पदस्थ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है। उनके नौकरी छोड़कर जाने से अब सीएचसी में आने वाले कैंसर रोगियों की परेशानी और चिंताएं बढ़ गई है। ऐसे मरीज जिनके पास इस महंगे उपचार के लिए ना ही पैसे है और ना संसाधन उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हैरानी की बात तो यह है कि चिकित्सक को रोकने के लिए अधिकारियों की ओर से कोई पहल नहीं की गई।

सरगुजा संभाग में कैंसर के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। बड़ी संख्या में लोग विभिन्न प्रकार के कैंसर की बीमारियों से जूझ रहे है। ऐसे कैंसर मरीजों को जांच व कीमो थेरेपी जैसी सुविधा के लिए रायपुर सहित अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। ऐसे में इस घातक बीमारी से जूझने के साथ ही मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ता था। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए इतने महंगे उपचार का भार उठाना भी संभव नहीं है। यही वजह है कि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की पहल पर शहर के शहरी सामुदायिक ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बातें**

- संभाग के ढाई से तीन हजार गरीब मरीजों की बढ़ी परेशानी
- नि :शुल्क रूप से होता था कीमो, मिलती थी महंगी दवाएं, सभी सुविधाएं हुई ठप



उपचार करते चिकित्सक।

### उपचार कराना होगा कठिन

नवापारा सीएचसी में कैंसर मरीजों के लिए जांच और कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू होने के बाद एक तरह से वरदान ही था। इस अस्पताल में ना सिर्फ सरगुजा संभाग बल्कि पड़ोसी राज्य झारखंड से भी कैंसर के मरीज कीमो थेरेपी के लिए आते थे। नवापारा सीएचसी में आने वाले मरीज मध्यम और गरीब वर्ग के है और उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे अपने उपचार का खर्च वहन कर सके। अस्पताल में ब्लड चढ़वाने आए ब्लड कैंसर के मरीज असोला निवासी रज्जाक अंसारी ने बताया कि दो साल से उनका दो साल से उपचार निःशुल्क चल रहा है और उन्हें डेढ़ से दो माह में ब्लड चढ़ता है, सप्ताह में कीमो थेरेपी होती है। अब डॉ. हिमांशु के जाने से खासी परेशानियों का सामना करना पडेगा। ऐसा इसलिए क्यों कि कई बार कीमो नहीं रहने पर अस्पताल में बाहर से दवा मंगवाकर निःशुल्क कीमो किया गया लेकिन अब उन्हें यह सुविधा नहीं मिल पाएगी और उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे निजी अस्पताल में इतना खर्च वहन कर सके।

#### 80 हजार रुपए तक की दवाएं

कैंसर जितनी घातक बीमारी है उसका उपचार भी उतना ही मंहगा है। कैंसर के मरीजो को उनकी बीमारी के अनुसार कीमो थेरेपी की जरुरत पड़ती है जो एक कठिन और कष्टदायक प्रक्रिया है। कीमो थेरेपी विशेषज्ञ चिकित्सक की निगरानी में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ द्वारा ही किया जाता था। मरीजों को पैकली, कार्बो, बिवेक्सी, ट्रांट जैसी महंगी दवाओं के साथ ही रिटुक्जी, सीटुक्जी जैसी 80-80 हजार की दवाएं निःशुल्क उपचार के लिए उपलब्ध कराई जाती थी ऐसे में अब अंदाजा लगाया जा सकता है कि चिकित्सक के जाने से लोगों को किस तरह परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### दे रहे थे सामान्य चिकित्सक का वेतन

नवापरा सीएचसी में कार्यरत डॉ. हिमांशु एमडी रेडियो थेरेपी है। एक कैंसर रोग विशेषज्ञ जिन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के उद्धेश्य से सीएचसी नवापारा में जॉइनिंग दी थी। इस दौरान उन्हें एक जनरल डॉक्टर के रूप में महज 50 हजार रुपए का वेतन दिया जाता था लेकिन आयुष्मान सहित अन्य इंसेंटिव से उन्हें एक सम्मान जनक वेतन मिल जाता था। सत्ता परिवर्तन के बाद डेढ़ साल से इंसेंटिव आना बंद है और शासकीय चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस भी नहीं कर सकते। लम्बे समय तक परेशान होने के बाद उन्होंने जुलाई माह में ही अपना इस्तीफा दे दिया था लेकिन उन्हें आश्वासन मिला था कि उनकी बातों को सुना जाएगा लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई। ऐसे में उन्होंने 25 सितम्बर को इस्तीफा दे दिया। हैरानी की बात तो यह है कि एक विशेषज्ञ चिकित्सक को रोकने के लिए कोई पहल नहीं की गई जबकि पूर्व में कई चिकित्सकों को डीएफएफ से लाखों रुपए का वेतन जारी हो चुका है। यदि डॉ. हिमांशु को भी एक सम्मान जनक वेतन दिया गया होता तो शायद संभाग के कैंसर रोगियों के लिए इतनी बड़ी समस्या उत्पन्न नहीं होती।

### कराया गया है अवगत

नवापारा सीएचसी में कीमोथेरेपी बंद होने की जानकारी मिली है। उनकी समस्याओं से शासन और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया था। जानकारी शासन को भेजी जा रही है।

-डॉ. पीएस मार्को
सीएमएचओ, सरगुजा







## खबर संक्षेप

### इस्तेखार ने कम्प्यूटर साइंस में हासिल की पीएचडी की डिग्री



**सीतापुर।** कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी मो. इस्तेखार ने सनराइज यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की डिग्री हासिल की है। वर्तमान में वे भारती यूनिवर्सिटी दुर्ग में सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। नगर में कंप्यूटर शिक्षा का पर्याय रहे डॉ. इस्तेखार ने यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और लगन से हासिल की है। मौजूदा समय में वो भारती विश्वविद्यालय के छात्रों को कंप्यूटर साइंस की शिक्षा दे रहे है। इनकी इस उपलब्धि से पूरा परिवार गौरवांवित महसूस कर रहा है।

### भारत सिंह महानदी भवन के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त



**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने अम्बिकापुर निवासी भारत सिंह को अपना प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त किया है तथा उन्हें रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन के सभी विभागों में सांसद का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद प्रतिनिधि भारत सिंह ने बताया कि वे सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक पूरा करने एवं क्षेत्र के लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास करने की बात कही है।

### पीजी कॉलेज के दो स्वयं सेवकों को सीएम ने किया सम्मानित



**अंबिकापुर।** रासेयो के स्थापना दिवस पर 24 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सरगुजा के दो स्वयं सेवकों को श्रेष्ठ स्वय सेवक का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में अतिथियों ने शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्वयं सेवक सोन कुमारी सिंह एवं रेणू खलखो को छत्तीसगढ़ के श्रेष्ठ स्वयं सेवक का सम्मान प्रदान किया। अतिथियों में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. एस भारतीदासन, उच्च शिक्षा आयुक्त डॉ. संतोष देवांगन, रासेयो क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोत्री, राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. नीता वाजपेई शामिल थे। इस दौरान जिला संगठक खेम करण अहिरवार, कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार, श्रृष्टि शेफाल सहित राज्य भर के कार्यक्रम अधिकारी व स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### कुम्दा कॉलोनी क्षेत्र में 24 घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा कॉलोनी सहित दोनों खदानों में पिछले 24 घंटे से बिजली गुल रहने के कारण पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है।बताया गया कि बिश्रामपुर के 132 केवी सबस्टेशन से सीधे लाइन भटगांव कॉलरी गई हुई है, इसी लाइन में दतिमा से टैपिंग कर कुमदा में लाइन बिछाई गई है,इसी लाइन में फॉल्ट आ जाने से पिछले दो दिनों से कुमदा में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बैठ गई है, ऐसे में दोनों खदान बलरामपुर 10-12 और 7-8 सहित कुमदा कॉलोनी में ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है,भारी उमस में कुमदा कॉलोनी सहित खदान के कर्मी व परिजन बेचैन हैं।वर्तमान में नवरात्र का समय चल रहा है, लोग दिन दिन भर उपवास में रहते हुए आराधना में लीन रहते हैं,ऐसे में बिजली आपूर्ति ठप्प होने से इसका असर पानी सप्लाई पर भी पड़ा है जिससे लोगों के रोजमर्रा के काम व दिनचर्या प्रभावित हुई है, दोनों खदान के 500 से अधिक कर्मी यहां पदस्थ हैं,इसके बावजूद खदान के विद्युत अमले की लापरवाह कार्यशैली कॉलोनी वासियों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है,गौरतलब है कि कुमदा सहक्षेत्र की दोनों खदान करीब 4 माह से बंद पड़ी हुई है, वर्तमान में दोनों खदान में पानी सुखाने के लिए डी वाटरिंग का कार्य चल रहा है,बलरामपुर खदान के मैनेजर सीआर सीदार ने बताया कि लाइन में त्रुटि ढूंढने में कर्मचारी लगे हुए हैं, एक दो फाल्ट को ठीक कर लाइन चार्ज किया भी गया, लेकिन पुनः शॉर्ट हो जाने से ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित हुई है,उन्होंने कहा कि जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### डीएमक्यू कॉलोनी के आंगन में खड़ी बाइक की हुई चोरी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में चोरों का उत्पात जारी है,दो दिन पहले मुख्य मार्ग में सांवरिया फर्नीचर दुकान के तीसरे माले का वेंटिलेशन तोड़ कर दुकान में रखे कई लाख के कीमती सामान पार कर देने के बाद चोरों ने गुरुद्वारा के समीप एसईसीएल डीएमक्यू डबल स्टोरी के आठ नंबर क्वार्टर में रहने वाले चंद्रमणि पति स्व.सुजीत सिंह की बजाज पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डी वाई 8287 को आँगन के भीतर से चुरा कर भाग निकले।सुबह जब परिजन ने उठकर बाहर देखा तो बाइक मौके पर नहीं दिखी,बाइक खोजने पश्चात नहीं मिल पाने की स्थिति में प्रार्थी ने इसकी सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी।पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए),331(4) का अपराध दर्ज किया है।

---

#### बजरंगबली, मां दुर्गा मां काली, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण की झांकियां ने मोहा मन

# जगराता कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ भक्ति गीतों पर पूरी रात झूमते रहे श्रद्धालु




जागरण की प्रस्तुति देते कलाकार।



भक्ति गीत में झूमते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित जगराता में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। पूरी रात श्रद्धालु भक्ति गीतों में झूमते नजर आए।

**खास बात**
- मां वैष्णवी जागरण मंच के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रतापपुर बस स्टैंड परिसर में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा आस्था और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुबह-शाम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। माता रानी की झलक पाते ही भक्तों के चेहरे पर भक्ति और उत्साह झलक उठता है। पंडाल परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण करते है। इसी क्रम में माँ वैष्णवी जागरण मंच के कलाकार भजन गायक बबीता विश्वास की टीम द्वारा भव्य जगराता और भाव-झांकियों का आयोजन किया गया। बजरंगबली, मां दुर्गा मां काली, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण की झांकियां ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। जस गीत में सैकड़ों लोग झूमते नजर आए। जगराता में छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक भजनों और तालियों की गड़गड़ाहट ने पंडाल को दिव्य रंग में रंग दिया। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर माता रानी के जयकारे लगाते रहे। जगराता कार्यक्रम को विधायक शकुंतला सिंह ने मां दुर्गा पूजा समिति को भेंट किया, जहां लोगों ने विधायक की सराहना की। आयोजन समिति में राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, अरविंद जयसवाल, अनमोल शर्मा, मुकेश तायल, कमलेश गुप्ता, गुलाब तिवारी, अक्षय तिवारी,, संजय जायसवाल, नवीन सोनू जायसवाल, अंकित जायसवाल, अमित सोनी, सोनू कश्यप, बुली अग्रवाल, आनंद शुक्ला, सीबू सिंह, समलेश गुप्ता, सूर्या जायसवाल, अजय, काजू कश्यप, गोलू अग्रवाल, शेखर शर्मा, सोनू रजक, शुभम कश्यप, रूपम मित्तल, अरमान शर्मा, अंकित रजक, गोलू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा के अवसर पर हो रहे विविध कार्यक्रम



लहपटरा। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का आयोजन ग्राम पंचायत लहपटरा में किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेल एवं भंडारा का आयोजन भी किया गया है। बच्चों के नृत्य एवं डांडिया का कार्यक्रम भी कराया जाएगा। ग्राम वासियों का कहना है कि नवरात्रि पूजा के अवसर पर पूरा गांव भक्ति भाव में डूब जाता है मां की ऐसी कृपा बनती है पूजा अर्चना से सुख शांति और समृद्धि मिलती है।

## कोल कर्मियों को मिलेगा एक लाख बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पिछले साल के बोनस से 9,250 की हुई बढ़ोत्तरी

कोल इंडिया मानकीकरण कमेटी की देर रात तक चली, बैठक में कोल इंडिया के कर्मचारियों को सालाना बोनस पर मुहर लगा दी गई है, इस संबंध में एसकेएमएस एटक यूनियन के केंद्रीय महासचिव अजय विश्वकर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 के लिए कोल इंडिया के 2 लाख 20 हजार कर्मचारियों को प्रति कर्मचारी 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस भुगतान होना तय किया गया है,इस समझौते के साथ ही सरकार, बीएमएस और प्रबंधन द्वारा इंटक यूनियन को मानकीकरण की बैठक से अलग रखने की साजिश भी नाकाम हुई है,मानकीकरण की बैठक में इंटक यूनियन को शामिल करते हुए बोनस के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है,उन्होंने बताया कि कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुई, मानकीकारण की बैठक में प्रबंधन द्वारा वर्ष 2024-25 के वित्तीय स्थिति की रिपार्ट प्रस्तुत कर कोल इंडिया के स्थाई कामगारों के लिए 90 हजार 800 रुपए बोनस का प्रस्ताव रखा गया,जिसे यूनियन प्रतिनिधियों ने एक सिरे से खारिज करते हुए दो बार बैठक से वाक्आउट भी किया,अंततः आधी रात को तीसरी बार बैठक शुरू हुई और काफी गहमा गहमी के बीच कोल इंडिया के प्रत्येक कर्मचारी को एक लाख तीन हजार रुपए बोनस भुगतान पर सहमति बनी,उन्होंने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 26 सितम्बर को कोल इंडिया के सभी कर्मचारी को बोनस राशि का भुगतान हो जाएगा, इस बार कोल इंडिया के सभी कर्मचारियों को 2024 के मुकाबले 9250 रुपए की बढ़ोत्तरी के साथ 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस का भुगतान होगा,मानकीकरण की बैठक के प्रारंभ में ठेका मजदूरों को बोनस भुगतान करने पर भी चर्चा हुई,पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी ठेका मजदूरों को दीपावली के पहले बोनस का भुगतान किए जाने पर सहमति बनी है,उन्होंने बताया कि माइनिंग व नॉन माइनिंग ठेका कर्मियों को भी 8.33 प्रतिशत का बोनस दिए जाने की सहमति बनी है,सालाना बोनस तय होने उपरांत कोल कर्मचारियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और अब बाजार में भी रौनक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।



## शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर



शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु दीक्षारंभ समारोह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव और जनभागीदारी सदस्य श्रीमती पूर्णा जायसवाल शामिल हुए। मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्वलन और आरती कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी सुश्री रेखा जायसवाल ने की। सर्वप्रथम, श्री हीरालाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए दीक्षारंभ समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के साथ, प्रत्येक वर्ष सभी महाविद्यालयों में नव प्रवेशी छात्रों के स्वागत में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य छात्रों में शिक्षा के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना है। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि स्कूली जीवन के बाद महाविद्यालय में प्रवेश एक अहम पड़ाव है। उन्होंने जोर दिया कि महाविद्यालय में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ दीक्षा भी दी जाती है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। श्रीमती पूर्णा जायसवाल ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को कुशल प्राध्यापक मिले हैं जो विद्यार्थियों के जीवन को संवारने में सक्षम हैं और छात्रों को उनका भरपूर सहयोग लेना चाहिए। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने स्वामी विवेकानंद के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि हर मानव के जीवन में हार व संघर्ष का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और हमें उनसे विश्वास न खोने की सीख मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में, अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर उत्कृष्ट सेवा दी है। सम्मानित होने वाले छात्रों में संतोषी साहू, सुषमा साहू, आशा साहू, संजना साहू, मनीष कुमार, कुलदीप सिंह और विजय सिंह शामिल थे। इस दौरान डॉ. संजय कुमार वर्मा, मनबोध कुजूर, हीरालाल सिंह, जयशंकर भूमिजन, श्रीमती पुनीता राजवाड़े, शिवराम सिंह पैकरा, श्रीमती सुभिया सिंह ,चंद्रशेखर,हरिशंकर पैकरा सहित अन्य मौजूद रहे।

### मंदिर से लौट रही स्कूटी सवार युवतियों को टीपर ने मारी टक्कर, एक गंभीर

**धौरपुर।** लमगांव स्थित हनुमान मंदिर से पूजा कर स्कूटी से घर लौट रही युवतियों को तेज रफ्तार टीपर ने मछली नदी के पास टक्कर मार दी। दुर्घटना में सभी को गंभीर चोटें आई है वहीं एक की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। शुक्रवार को भिलाई कला निवासी पिंकी आ. सीताराम (20 वर्ष) अपनी छोटी बहन रिंकी (17 वर्ष) व उदयपुर निवासी अपनी सहेली वंदना आ. सेतु के साथ स्कूटी से लमगांव हनुमान मंदिर गई थी। पूजा उपरांत तीनों दोपहर में वापस भिलाई कहा लौट रही थी। इस दौरान टीपर क्रमांक सीजी 15 ईए 2206 का चालक तेज रफ्तार से ओवरटेक करते हुए विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों दूर जा गिरे तथा गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि सिर में चोट लगने के कारण वंदना अचेत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कुछ युवकों ने वाहन का पीछा कर उसका नंबर नोट किया। टीपर ग्राम गगौली निवासी दिलीप जायसवाल का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि चालक दो महीने के भीतर दुर्घटना में दो लोगों की जान जा चुकी है।

## राष्ट्रकवि दिनकर की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वीर रस के कवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में चंद्रभूषण मिश्र की अध्यक्षता एवं पं.रामनारायण शर्मा, मनीलाल गुप्ता, रामलाल विश्वकर्मा एवं सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

माधुरी जायसवाल द्वारा मां महामाया की आराधना उपरांत पं.रामनारायण शर्मा ने राष्ट्रकवि दिनकर को हिन्दी साहित्य का सूर्य बताया तथा उनकी साहित्यिक यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। पं चंद्रभूषण मिश्र ने दिनकर जी की साहित्यिक रचनाओं के संबंध में बताया। अजय सागर ने उन्हें सत्य, निष्ठा, साहस व निर्भीकता की प्रतिमूर्ति बताया। पं.सच्चिदानंद पाण्डेय ने उनकी भाषा शैली के बारे में बताया। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने सबको सुख-वैभव मिले, शांति मिले भरपूर, माधुरी जायसवाल ने सुख-दुख के भंवरजाल में फंसी हुई है मेरी नैया, अर्चना ने रवि उर्जित मुस्कान से कूष्मांडा है नाम, नीलिमा जायसवाल ने हिंदी भारत की शान है, रोशनी कार्तिक ने पलक – पावंड़े मैने बिछा कर देखा, रामलाल विश्वकर्मा ने दर्द होने से पहले दिल से निकलते है आंसू, देवेन्द्रनाथ दुबे ने भारी है दिल पे बोझ कोई मुझको संभाले, चन्द्रभूषण मिश्र ने शाम बेरूखी के पर्दे हटा लीजिए , विनोद तिवारी ने कवि सम्मेलन में कवि रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन अजय सागर एवं आभार प्रदर्शन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान काशीचंद गुप्ता, मिथिलेश, रामाप्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता, प्रमोद आदि उपस्थित थे।



### अनोखी सोच के दुर्गा पूजा महोत्सव में डांडिया नृत्य का भव्य कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा मनाये जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग जमकर चढ़ चुका है। गुरुवार को दुर्गा पूजा के अवसर संस्था द्वारा डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोहल्ले सहित नगर वासियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया और पारंपरिक संगीत की धुनों पर देर रात तक डांडिया और गरबा की शानदार प्रस्तुतियां दीं। पूरे पंडाल परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। महिला, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे पहुंचे और डांडिया की तालियों पर थिरकते नजर आए। ढोल और संगीत की धुन पर बना माहौल इतना मनमोहक था कि उपस्थित हर व्यक्ति झूम उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की भव्य आरती से हुआ। कार्यक्रम का सबसे आकर्षण का केंद्र रहा भगवान श्री कृष्ण और राधा जी जोड़ीं, जिन्होंने अपने शानदार नृत्य कला से दर्शकों का मन मोह लिया और उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री के हाथों सम्मानित किए गए डीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एमपी के खजुराहो में समारोह के दौरान मिला सम्मान

आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को समाज, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने सेवा सम्मान से सम्मानित किया है। मध्यप्रदेश के खजुराहो में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया।

बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. सोने दो दशकों से न्याय, पारदर्शिता और सामाजिक समानता की स्थापना के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। उन्होंने 4500 से अधिक आरटीआई आवेदन दायर कर सरकारी प्रणाली में पारदर्शिता लाने का कार्य किया है। इन आवेदनों के आधार पर उन्होंने 18 से अधिक जनहित याचिकाएं दायर की हैं जिनमें सुप्रीम कोर्ट में 3 महत्वपूर्ण मामले भी शामिल हैं। डॉ. डीके सोनी को सम्मान पत्र प्रदान किया। यह उनका 46वां अवार्ड सम्मान है।

## कल्चुरी डांडिया नाइट में उत्कृष्ट प्रतिभागी हुए पुरस्कृत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा हैहय कल्चुरी समाज द्वारा जायसवाल युवा मंच एवं महिला मंच के संयुक्त तत्वाधान में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में शहर के होटल सिटी इन में कल्चुरी डांडिया नाईट का आयोजन किया गया। इस गरबा कार्यक्रम में एंकर दिया के साथ डीजे नीतिश द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी गयी साथ ही समाज के सभी वर्ग भक्तिमय गीत एवं रास-गरबा नृत्यों में सराबोर होकर देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा की आरती के साथ किया गया। आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी सदस्यों के साथ-साथ बच्चों बेस्ट डांसर, गरबा क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट मेकअप, लकी ड्रा विनर पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि कल्चुरी समाज द्वारा यह आयोजन शहर में पहली बार आयोजित किया गया था। इस दौरान जायसवाल युवा मंच के अध्यक्ष आयुष जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन समाज के एकजुटता और सहयोग कि मिसाल ई। महिला एवं युवा मंच के सदस्यों के सहयोग से ही यह संभव हो सका। उन्होंने सक्रिय भागीदारी के लिए मंच के सदस्य राजकीर्ति, अविनाश, रोहित, रमन, अनूप, रविन्द्र, शुभम, सूरज, रिषव, अंकित एवं हिमांशु की सराहना की। कार्यक्रम में महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती नम्रता जायसवाल, श्रीमती सुधा जायसवाल, श्रीमती मीनू जायसवाल, श्रीमती आशिमा जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 7 तक जमा होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 वीं और 11 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि के बाद छात्रों एवं अभिभावकों की मांग पर यह निर्णय लिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने जब्त अवैध अंग्रेजी व महुआ शराब को किया नष्टीकरण

**सूरजपुर।** गुरूवार को जिले की पुलिस ने 21 प्रकरणों में जब्त अवैध शराब को रोलर से दबाकर नष्ट किया है। नशे पर नकेल लगाने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अवैध शराब के नशे के व्यापार में लिप्त लोगों की जानकारी हासिल करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को नियमों के तहत पुलिस लाईन में आबकारी एक्ट के निराकृत जब्त अंग्रेजी व महुआ शराब का नष्टीकरण की प्रक्रिया को पूरा किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर की मौजूदगी में गठित टीम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी रितेश चौधरी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध शराब के 21 प्रकरणों में 69 लीटर महुआ शराब व 32 शीशी अंग्रेजी शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी अनिल मित्तल, पर्यावरण अधिकारी बीबी ध्रुव, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक जावेद मियांदाद सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

## पेज 1 के शेष...

### नवापारा सीएचसी में बंद...

स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में कैंसर रोगियों के लिए कैंसर डे केयर व कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू की गई थी। अस्पताल में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु गुप्ता की निगरानी में वर्ष 2021 में सीएचसी नवापारा में कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग करने के साथ ही प्राथमिक उपचार और सबसे महत्वपूर्ण कीमोथेरेपी दी जा रही थी। पिछले तीन वर्ष के आंकड़ों पर ही नजर डाले तो यहां सितंबर 2022 से सितंबर 2025 के मध्य नवापारा सीएचसी में 4 हजार 756 लोगों की स्क्रीनिंग की गई इसमें से 2 हजार 754 लोगों का उपचार चल रहा है और उन्हें कीमो थेरेपी दी जा रही थी। इनमें सिर्फ 2025 की बात की जाए तो अस्पताल में 1 हजार 372 लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 657 लोगों का उपचार चल रहा है। इनमें ब्रेस्ट कैंसर, ओरल कैंसर, सर्विक्स कैंसर, ओवरी कैंसर के साथ मल्टीपल माइलोमा के मरीज शामिल है।

### शुक्रवार को शाम में एनएच 343 को किया पार

# दंतैल ने बकिरमा कोरवापारा में तीन घरों को ढहाकर बनाया खण्डहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/धौरपुर

**खास बात**

- प्रतापपुर जंगल की ओर जाने की संभावना

वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा में पूरी रात वनकर्मियों को छकाने के बाद लोनर हाथी रात्रि 2 बजे राजपुर जंगल की ओर चला गया। इस दौरान दंतैल ने ग्राम बिलमा कोरवापारा में तीन घरों को ढहा कर खण्डहर बना दिया वहीं एक ग्रामीण की झोपड़ी की तहस नहस कर दिया।

ग्राम सरईडीह में गुरुवार को तड़केएक ग्रामीण की जान लेने के बाद दंतैल पूरे दिन आसपास के गांवों में उत्पात मचाता रहा। अपरान्ह 3 बजे दंतैल के ग्राम कुदर में घूसने की सूचना पर वनकर्मी सक्रिय हुए तो हाथी जंगल की ओर चला गया। शाम ढलने के बाद दंतैल जंगल से बाहर निकला तथा तेजी से आगे बढ़ने लगा। इस दौरान दंतैल ग्राम जोरी, जमोनी, आमापारा, बेवरा बस्ती के निकट पहुंच कर आबादी क्षेत्र में घुस जाता था लेकिन वन अमले एवं ग्रामीणों की सतर्कता के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका। अंत में दंतैल ग्राम बिलमा कोरवापारा में पहुंचा तथा दो घंटे तक ग्रामीणों के घर में तोड़फोड़ मचाता रहा। इस दौरान दंतैल ने रतिया आ. सावन कोरवा, जंगल आ. रतिया कोरवा एवं अमर साय आ. रतिया कोरवा के कच्चे मकान को ढहा कर खण्डहर बना दिया तथा घर में रखे अनाज को चट कर गया। तीन घरों में तोड़फोड़ करने के बाद दंतैल ने गनेश्वर कोरवा की झोपड़ी को ढहाकर तहस नहस कर दिया। घरों को ढहाने के बाद दंतैल सीमावर्ती जंगल पार कर वनपरिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत चरगढ़ जंगल में दाखिल हो गया। दंतैल के चरगढ़ जंगल पहुंचने की सूचना पर राजपुर के वनकर्मी दंतैल की निगरानी कर रहे हैं। वन अधिकारी दंतैल के प्रतापपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।


हाथी द्वारा गिराया गया मकान।

#### मची रही अफरा-तफरी की स्थिति

आक्रोशित दंतैल द्वारा गुरुवार को आसपास के गांवों में घूमने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण काफी भयभीत थे। दंतैल के गांव की ओर बढ़ने की सूचना पर पूरी रात ग्रामीणों में अफरा-तफरी की स्थिति मची रही। ग्रामीण परिजन की सुरक्षा को लेकर इधर-उधर भागते रहे। ग्राम बिलमा कोरवापारा में दंतैल के दाखिल होते ही ग्रामीण अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भाग निकले। दंतैल के दूर जाने के बाद ग्रामीण घर लौटे एवं पूरी रात रतजगा कर बिताई। दंतैल के उग्र स्वभाव को देखते हुए वन अमलेको सावधानी बरतने एवं पूरी रात दंतैल की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### एनएच पर लगा जाम

शुक्रवार को शाम 5.30 बजे दंतैल वनपरिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत ग्राम चांची पहुंच गया। वनकर्मियों ने अम्बिकापुर-रामानुजगंज एनएच 343 पर दोनों ओर खड़े होकर वाहनों का आवागमन रोका तो दंतैल ने सड़क पार किया। इस दौरान आधा घंटे तक एनएच से आवागमन बाधित रहा तथा दोनों ओर जाम लगा रहा। वन अधिकारी नरसिंहपुर, चौरा, दुप्पी के रास्ते उसके प्रतापपुर की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन साहू ने बताया कि विभाग की अलग-अलग टीमें प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ ही दंतैल की निगरानी कर रही हैं।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर जिला स्तरीय संगोष्ठी

**सीतापुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एमएलए कोचिंग सेंटर में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक रेणुका सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जगन्नाथ पाणिग्रही, विधायक रामकुमार टोप्पो, जिलाध्यक्ष भाजपा भरत सिंह सिसोदिया समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन त्याग समर्पण और बलिदान का रहा है। आज अगर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल के रूप में जानी जाती है तो इसके पीछे पंडित दिनदयाल उपाध्याय की सोच है। उनका स्पष्ट कहना था कि जब तक समाज के अंतिम छोर पर बसा व्यक्ति का विकास न हो जाए तब तक विकास की धारा बहते रहनी चाहिए। देश के कोने कोने में जो विकास नजर आ रहा है अति पिछड़े लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे है उसके पीछे की पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय वाली सोच है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर यहां जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का जो आयोजन किया गया है। उसके पीछे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की यही सोच है कि जब तक देश का प्रबुद्ध वर्ग अंगड़ाई नही लेगा जब तक ये लोग विकसित भारत की संकल्पना के लिए अपने को समर्पित नही करेंगे तब तक हमारा देश विकसित नही हो सकता है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रबुद्ध वर्ग को देश की विचारधारा से जोड़ना होगा। कार्यक्रम को विधायक रामकुमार टोप्पो, भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूषा भगत ने भी संबोधित किया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवन एवं देश एवं देशवासियों के प्रति भाजपा की सोच एवं विचारधारा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवनाथ सिंह पैकरा एवं रजनीश पांडेय ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा अनिल अग्रवाल ने किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# रामगढ़ पर्वत को बचाने पूर्व डिप्टी सीएम की पहल का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने निष्पक्ष जांच के दिए निर्देश, ब्लास्टिंग से पहाड़ पर मंडरा रहा है खतरा



प्रभु राम और माता सीता के वनवास काल से जुड़े रामगढ पर्वत के संरक्षण को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह द्वारा प्रारंभ की गई मुहिम पर नवरात्रि के अवसर पर एक सुकून देने वाली खबर आयी है। पूर्व डिप्टी सीएम द्वारा 30 अगस्त को प्रेषित पत्र की प्रतिक्रिया में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से छत्तीसगढ़ के वन विभाग के सचिव को पत्र प्रेषित कर निष्पक्ष जांच और न्यायोचित करवाई का निर्देश दिया है। 30 अगस्त को ही प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ ही केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से सम्बद्ध फारेस्ट एडवायजरी कमेटी के चेयरमैन सुशील कुमार अवस्थी को भी पत्र लिखा था। इस पत्र में रामगढ़ पर्वत के साथ ही साथ क्षेत्र की पारिस्थितिक से संबंधित तथ्यों की उन्होंने सिलसिलेवार जानकारी भी भेजी। इसमें छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा वर्ष 2019 में वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और आईसीआरएफआई देहरादून के माध्यम से कराए गए जैव विविधता मूल्यांकन का जिक्र किया था। 2014 में ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए यहां पर खदानों के संचालन के आदेश को निरस्त कर उपरोक्त संस्थाओं से जांच का आदेश जारी किया था लेकिन प्रदेश की तत्कालीन सरकार ने इस दिशा में कोई कवायद नहीं की।

स्थानीय निवासियों ने ब्लास्टिंग के कारण पहाड़ में उत्पन्न दरारों का जिक्र विभिन्न जांच दलों के सम्मुख किया है। यह क्षेत्र हाथियों के आवास लेमरू प्रोजेक्ट अंतर्गत है। इस क्षेत्र में मानव हाथी संघर्ष को रोकने की दृष्टि से यह एक अहम प्रोजेक्ट है। मानव हाथी संघर्ष में सन 2000 से 2023 के मध्य उत्तर छत्तीसगढ़ के इस भूभाग में 737 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इस क्षेत्र के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व के कारण ही पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव की पहल पर वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ विधानसभा में सर्वसम्मति से इस क्षेत्र में नये खदान के सभी आदेशों को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था जिसपर भाजपा विधायकों के भी हस्ताक्षर थे।

#### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा धन्यवाद वन महानिदेशक

केंद्रीय पर्यावरण, वैन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन महानिदेशक द्वारा छत्तीसगढ़ के वन विभाग को जांच और न्यायोचित कार्यवाही का पत्र जारी करने के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएससिंहदेव ने केंद्रीय वन महानिदेशक को धन्यवाद ज्ञापित किया है। एक्स पर उन्होंने कहा है कि वे अब यह विश्वास कर सकते हैं कि माता सीता और प्रभु श्री राम से जुड़े सरगुजा के इस पुरातात्विक ओर पर्यावरणीय धरोहर के संरक्षण के लिये छत्तीसगढ़ सरकार भी स्वतंत्र और निष्पक्ष विषय विशेषज्ञों से जांच करवाकर न्यायोचित कार्यवाही करेगी।

### ग्राम पंचायत बासेन में बनेगा नया बिजली सब स्टेशन

**डांड़गांव।** पेडरक्खी, खुड़ी, बकोई, झिगा झरिया ,बासेन सहित दर्जनों गांवों के लोगों को बिजली की समसया से जल्द ही निजाद मिलेगी। वन क्षेत्र के लोगों को बिजली की लगातर समस्या को देखते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु साय ने ग्राम पंचायत बासेन में करोड़ों के लागत से नया बिजली सब स्टेशन शीघ्र बनना चालू हो जायेगा। ऐसे में ग्रामीणों की वर्षों पुरानी बिजली की समस्या समाप्त हो जायेगी।

PRP/GFC तकनीक व्दारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल



**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 28 सितम्बर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाइन सर्जन डॉ अमित मुखर्जी, डॉ जगबीर सिंह गठिया एवं अर्थराइटिस विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल



**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में 28 सितम्बर को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, पेट एवं ऑत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, छाती एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतिक धाबलिया संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक: 28 अक्टूबर 2025, 10 नवंबर 2025, 16 दिसंबर 2025, 16 जनवरी 2026, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-~~18501~~/- ऑफर 16,501/-, 3AC-~~28,501~~/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH Accredited
पेट एवं लीवर रोग विभाग
- दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
- गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
- लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लास्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
- पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
- पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग निःसंतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
- न्यूरो सर्जरी
- आर्थो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- यूरो सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- एण्डोस्कोपी
- नाक, कान, गला
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- स्टेम सेल थेरेपी
उपलब्ध सुविधाएँ-
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
- सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
- पैथोलॉजी
- आई.सी.यू.
- वेन्टीलेटर
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
- दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
- अल्ट्रा साउंड
- एक्स-रे, रेडियोलॉजी
- ई.सी.जी., ई.ई. जी.
- एन. सी. बी. ईको
- फॉर्मेसी (मेडिकल)
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)